http://www.mpboardonline.com

प्री बोर्ड परीक्षा – 2018
विषय – हिन्दी विशिष्ट
कक्षा – दसवीं (X^{th})

समय – 3 घण्टे
निर्देशः–
पूर्णांक – 100

1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न सबसे पहले हल कीजिए।
2. प्रश्न क्रमाक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिए एक–एक अंक निर्धारित हैं।
3. प्रश्न क्रमाक 6 से 16 तक के लिए दो–दो अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक उत्तर लगभग 30 शब्दो में लिखिए।
4. प्रश्न क्रमांक 17 से 19 तक के लिए तीन–तीन अंक निर्धारित है। शब्द सीमा 30 से 75 शब्द है।
5. प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक के लिए चार–चार अंक निर्धारित है। शब्द सीमा 75 से 120 शब्द है।
6. प्रश्न क्रमाक 26 एवं 27 के लिए पाँच–पाँच अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 120 से 150 शब्द है।
7. प्रश्न क्रमाक 28 के लिए (07+03) दस अंक निर्धारित हैं। 'अ' के 7 अक तथा 'ब' के लिए 3 अंक।
8. प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

प्रश्न.1– निम्नलिखित कथनों के सही विकल्प चुनकर लिखिए – (1X5=5)

i. हिमालय की झीलों में कवि नागार्जुन ने तैरते हुए देखा है –
(अ) मछली को (ब) मृग को (स) हंसों को (द) नारी को

ii. लोक संस्कृति का जन्म हुआ –
(अ) शहरों में (ब) गाँवों में (स) विद्यालयों मे (द) कस्बों में

iii. 'रक्षाबंधन' पाठ की विधा है –
(अ) कविता (ब) कहानी (स) आत्मकथा (द) संस्मरण

iv. 'नीरस' का सन्धि–विच्छेद होगा –
(अ) निरा+रस (ब) निः+रस (स) नि+अरस (द) निर+अस

v. अद्‌भुत रस का स्थायी भाव है –
(अ) रति (ब) निर्वेद (स) शोक (द) विस्मय

प्रश्न.2– निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द का चयन कर कीजिए – (1X5=5)

i. गिरिधर द्वारा प्रयुक्त छंद..........................है। (दोहा/कुंडलियाँ)
ii. ....को हमारे देश के लेखकों ने सोलह कलाओं का अवतार कहा है। (राम/कृष्ण)
iii. नर्मदा के उत्तर कुंड से थोडा सा..........................चलने पर 'माई की बगिया' है। (नीचे/ऊपर)
iv. रसोईघर....................समास का उदाहरण है। (तत्पुरुष/कर्मधारय)
v. चौपाई छंद मे मात्राएँ.........................होती हैं। (16/18)

प्रश्न.3– निम्नलिखित वाक्यों में से सत्य/असत्य छाँट कर लिखिए – (1X5=5)

i. कवि अभिमन्यु अनत नियति से प्रश्न करते है।
ii. गॉव का आदमी निरक्षर भले ही हो, लेकिन सुसंस्कृत होता है।
iii. निंदक समाज मे सम्मान के पात्र होते हैं।
iv. जो कभी नही मरता वह अमर कहलाता है।
v. खण्डकाव्य मुक्तककाव्य का एक भेद है।

प्रश्न.4– निम्नलिखित वाक्यांशों का मिलान कर सही जोड़ी बनाकर लिखिए – (1X5=5)

(अ)	(ब)
i. 'पथ की पहचान'	(क) प्रेमचन्द
ii. 'परीक्षा'	(ख) हरिवंशराय बच्चन
iii. 'थके हुए कलाकार से'	(ग) लोकसीमा का उल्लंघन
iv. 'पृथ्वीराज रासो'	(घ) धर्मवीर भारती
v. अतिशयोक्ति अलंकार	(ङ) महाकाव्य

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

प्रश्न.5– निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में या एक शब्द में लिखिए – (1X5=5)

i. बिना विचारे कार्य करने से क्या होता है ?

ii. गीताशास्त्र के महान उपदेशक कौन हैं ?

iii. शल्य चिकित्सा के प्रवर्तक कौन हैं ?

iv. दो पदो के मेल को क्या कहते हैं ?

v. रस के कितने अग होते हैं ?

प्रश्न.6– 'स्तुति खण्ड' में जायसी ने कितने द्वीपों और भुवनों की चर्चा की है ? (2)

अथवा

सखी प्रातः काल किसके द्वार पर जाती है ?

प्रश्न.7– मनु का हर्ष मिश्रित झटका–सा क्यों लगा ? (2)

अथवा

दयामयी माता के तुल्य किसे माना गया है ?

प्रश्न.8– 'निशाकाल से चिरअभिशापित' किसे कहा गया है ? (2)

अथवा

बसंत के आने पर कौन तान भरने लगता है ?

प्रश्न.9– व्यक्ति सम्मान के योग्य कब बन जाता है ? (2)

अथवा

प्रत्येक सफल राहगीर क्या लेकर आगे बढ़ा है ?

प्रश्न.10– आक्रोश में आकर मजदूरों ने क्या किया ? (2)

अथवा

कवि के अनुसार काँटे की मर्यादा क्या है ?

प्रश्न.11– आधुनिकता सम्प्रदाय का विरोध क्यों करती है ? (2)

अथवा

सत्य का आश्रय छोड़ने का क्या दुष्परिणाम होता है ?

प्रश्न.12– स्थित प्रज्ञता कैसे प्राप्त होती है ? (2)

अथवा

किसान के हाथ–पैर किसे कहा गया है ?

प्रश्न.13– राजा दीवान सुजानसिंह का आदर क्यों करते थे ? (2)

अथवा

महर्षि वेदव्यास क्यों प्रसिद्ध हैं ?

प्रश्न.14– ज्ञान और दीपक के आपसी संबंध को स्पष्ट कीजिए। (2)

अथवा

धर्मवीर भारती के अनुसार अधबनी धरा पर अभी क्या–क्या बनना शेष है ?

प्रश्न.15– निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए – (कोई दो) (2)

i. जो ईश्वर पर विश्वास करता है।

ii. वह बच्चा जिसके माता–पिता न हों।

iii. जिसके समान दूसरा न हो।

अथवा

नेम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए (कोई दो)

i. श्री गणेश करना।

ii. दिन–रात एक करना।

iii. गागर में सागर भरना।

प्रश्न.16– गीतिका छन्द का उदाहरण लिखिए। (2)

अथवा

हरिगीतिका छन्द के दो लक्षण लिखिए।

प्रश्न.17– "कुछ लोग बड़े निर्दोष मिथ्यावादी होते हैं" कथन को स्पष्ट कीजिए। (3)

अथवा

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

यक्ष के, संसार के सबसे बडे आश्चर्य संबंधी प्रश्न पर युधिष्ठिर ने क्या उत्तर दिया ?

प्रश्न.18– निम्नलिखित वाक्यो को निर्देशानुसार परिवर्तित कीजिए – (3)

i. दीपक बाजार जा रहा है। (प्रश्न वाचक वाक्य)
ii. गणित का प्रश्न–पत्र कठिन है। (निषेधात्मक वाक्य)
iii. तुम्हे अपना गृह कार्य करना चाहिए। (आदेशात्मक वाक्य)

अथवा

निम्नलिखित वाक्यो को शुद्ध करके लिखिए –

i. खरगोश को काटकर गाजर खिलाओ।
ii. हर्षित शुद्ध गाय का दूध पीता है।
iii. अमित को अनुत्तीर्ण होने की आशा है।

प्रश्न.19– अन्योक्ति अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। (3)

अथवा

अतिशयोक्ति अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्रश्न.20– प्रगतिवाद की दो विशेषताएँ लिखते हुए इस काल के दो कवियो के नाम उनकी रचनाओं सहित लिखिए। (4)

अथवा

रातिकाल की दो विशेषताएँ लिखते हुए इस काल के दो कवियों के नाम उनकी रचनाओं सहित लिखिए

प्रश्न.21– कहानी एवं उपन्यास में कोई चार अंतर लिखिए। (4)

अथवा

जीवनी एवं आत्मकथा में कोई चार अंतर लिखिए।

प्रश्न.22– जयशंकर प्रसाद अथवा तुलसीदास की काव्यगत विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए। (4)

i. दो रचनाएँ
ii. भावपक्ष–कलापक्ष
iii. साहित्य में स्थान

प्रश्न.23– रामवृक्ष बेनीपुरी अथवा श्रीलाल शुक्ल का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए। (4)

i. दो रचनाएँ
ii. भाषा–शैली
iii. साहित्य में स्थान

प्रश्न.24– निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की व्याख्या संदर्भ प्रसंग सहित कीजिए – (4)

अतिगत–गति कछु कहत न आवै।
ज्यों गूँगे मीठे फल कौ रस, अंतरगत ही भावै।
परम स्वाद सबही सुनिरतर, अमित तोष उपजावै।
मन–बानी कौ अगम अगोचर सो जानै जो पावै।
रूप–रेख–गुन–जात–जुगति बनु, निरालंब कित धावै।
सब विधि अगम बिचारहिं तातैं सूर सगुल पद गावै।

अथवा

नील परिधान बीच सुकुमार
खुल रहा मृदुल अधखुला अंग,
खिला हो ज्यों बिजली का फूल
मेघवन बीच गुलाबी रंग।

प्रश्न.25– निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश की सन्दर्भ प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए। (4)

धिक्कार है तुम्हें ! नकली बूँदी भी प्राणों से अधिक प्रिय है। जिस जगह एक भी हाड़ा है, वहाँ बूँदी का अपमान आसानी से नही किया जा सकता ? आज महाराणा आश्चर्य के साथ देखेंगे कि यह खेल केवल खेल नहीं रहेगा, यहाँ की चप्पा–चप्पा भूमि सिसोदियों और हाड़ाओं के खून से लाल हो जाएगी।

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

अथवा

गाँवों का आदमी जाने कब से बाट जोह रहा है कि कोई आये और उससे भी कुछ ले जाये। उसका समग्र जीवन एक अनपढ़ी खुली पुस्तक की तरह सामने बिछा है। उसका रहन–सहन, खान–पान, वस्त्राभूषण, आचार–विचार, रीति–रिवाज, विश्वास और मान्यताएँ, गीत और कथाएँ, नृत्य, संगीत और कलाएँ हमें कुछ न कुछ देने की क्षमता रखते हैं।

प्रश्न.26– निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए – (5)

मानव का अकारण ही मानव के प्रति अनुदार हो उठना न केवल मानवता के लिए लज्जाजनक है, वरन् अनुचित भी है। वस्तुतः यथार्थ मनुष्य वही है, जो मानवता का आदर करना जानता है, कर सकता है। केवल इसलिए कि कोई मनुष्य बुद्धिहीन है, अथवा दरिद्र, वह घृणा का तो दूर रहा, उपेक्षा का पात्र नहीं होना चाहिये। मानव तो इसलिए सम्मान के योग्य है कि वह मानव है, भगवान की सर्वश्रेष्ठ रचना है।

प्रश्न–

i. उपर्युक्त गद्यांश की शीर्षक लिखिए।
ii. यथार्थ मनुष्य किसे कहते हैं ?
iii. उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

प्रश्न.27– अपनी निर्धनता का उल्लेख करते हुए अपने विद्यालय के प्राचार्य को शुल्क–मुक्ति हेतु आवेदन–पत्र लिखिए। (5)

अथवा

अपनी बड़ी बहन के विवाह में अपने मित्र को आमंत्रित करने के लिए पत्र लिखिए।

प्रश्न.28– **(अ)** निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 200–250 शब्दों में निबंध लिखिए – (7)

i. पर्यावरण प्रदूषण
ii. विद्यार्थी और अनुशासन
iii. जल ही जीवन है
iv. राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता
v. विज्ञान के बढ़ते चरण

(ब) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध की रूपरेखा लिखिए – (3)

i. राष्ट्रीय पर्व
ii. पुस्तकालय का महत्व
iii. कम्प्यूटर का महत्व

————X————

http://www.mpboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Your old paper & get 10/-
पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com